तुम कृपा करो महारानी जन पर कृपा करो

तुम कृपा करो महारानी जन पर कृपा करो,
सब पर कृपा करो जन पर कृपा करो,

दुखियो की तुम दाता हो माँ,
सब की भाग्य विधाता हो माँ,
तुम से रोशन चांद ओर तारे,
धरती अम्बर तेरे सहारे,
कल्याण करो कल्याणी ,
सब पर कृपा करो।

हम पर भी उपकार करो माँ,
हमरा भी उद्दार करो माँ,
कर भी दो कल्याण हमारा,
मानेंगे अहसान तुम्हारा,
वर देदो ऐ वरदानी ,
जन पर कृपा करो।

मैया हमको तेरा सहारा,
तेरे बिना ना कोई हमारा,
हम बच्चे अनजान है माता,
तू तो जानी जान हैं माता
हे अम्बे आद भवानी
जन पर कृपा करो।

स्वर : नरेन्द्र चंचल

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/2139/title/tum-kripa-kro-maharani-sb-pr-kripa-kro-maa-jan-par-karo-maaa

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |